# सरकारी अस्पताल एवं स्वास्थ्य केन्द्रों पर साफ–सफाई व्यवस्था एवं सेनेटाइजेशन




**शाहजहांपुर (विधान केसरी)।** अपर मुख्य सचिव के निर्देश के क्रम में कोविड-19 के बढ़ते सक्रमण के दृश्टिगत नगर आयुक्त संतोश कुमार शर्मा द्वारा 23.05.2021 को नगर में स्थित सरकारी अस्पताल एवं स्वास्थ्य केन्द्रों पर साफ-सफाई व्यवस्था एवं विसंक्रमण (सेनेटाइजेशन) कराये जाने के विशेष निर्देश दिये गये। दिये गये निर्देशों के क्रम में नगर आयुक्त द्वारा नगर स्वास्थ्य एवं समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों को नगर में विशेष अभियान के दौरान नगर में प्रत्येक शनिवार एवं रविवार को नगर में अवस्थित सरकारी मेडिकल कॉलेज, जिला चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, नगरीय स्वास्थ्य इत्यादि के परिसर एवं उसके आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई व्यवस्था एवं विसंक्रमण (सेनेटाइजेशन) की कार्यवाही सुनिश्चित कराये जाने के लिये निर्देशित किया गया। निर्देशों के अनुपालन में 23.05.2021 को नगर क्षेत्र के जिला चिकित्सालय, सरकारी मेडिकल कॉलेज, सत्यानंद अस्पताल, रेलवे अस्पताल रोजा, पूराना जिला अस्पताल, ओ.सी.एफ. अस्पताल (कैन्ट) एवं नगरीय स्वास्थ्य केन्द्र-सराय काईयां, पुलिस लाइन, लोधीपुर, कटिया टोला, ककरा खुर्द, ककरा कलां, जली कोठी, हुसैनपुरा, अजीजगजं, एमनजई जलालनगर में विशेष अभियान के तहत साफ-सफाई एवं सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। नगर आयुक्त संतोश कुमार शर्मा द्वारा कल दिनांक 23.05.2021 को नगर क्षेत्र के जिला अस्पताल, ओ.सी.एफ. अस्पताल (कैन्ट) एवं शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (कटिया टोला) में वृहद स्तर पर कराये जा रहे सेनेटाइजेशन के कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय नगर आयुक्त द्वारा अपनी देखरेख में सेनेटाइजेशन के कार्य को कराया गया। निरीक्षण के समय अपर नगर आयुक्त एस0के0 सिंह, सहायक नगर आयुक्त रश्मि भारती एवं अन्य अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।